बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड, (BBOSE) के TOC योजना के तहत बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना तथा अन्य किसी भी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक परीक्षा बोर्ड से अनुतीर्ण छात्र/छात्राओं को माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा 2024 में शामिल होने का अवसर

1. शिक्षा विभाग, बिहार ने वर्ष 2024 में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा आयोजित माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक की परीक्षा में उनुत्तीर्ण छात्रों/छात्राओं (लगभग 4,50,000) को इसी वर्ष बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड, पटना द्वारा आयोजित होने वाली जून–2024 सत्र की परीक्षा में भाग लेने के लिए विशेष अभियान चलाकर अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया है।
2. इन छात्र/छात्राओं को जून–2024 सत्र में TOC योजना के तहत पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन प्रपत्र एक साथ भरने की सुविधा होगी।
3. किसी अन्य बोर्ड से अधिकतम 04 विषय में अनुत्तीर्ण छात्र/छात्राऐं BBOSE के TOC योजना के तहत पंजीकरण कराकर परीक्षा में भाग ले सकते हैं तथा पूर्व के बोर्ड से उतीर्ण न्यूनतम एक एवं अधिकतम दो विषयों का अंक क्रेडिट करा सकते है तथा माध्यमिक (10वीं) एवं उच्च माध्यमिक (12वीं) की परीक्षा उसी शैक्षणिक वर्ष में उतीर्ण होने का अवसर प्राप्त कर सकते है।
4. TOC योजना के तहत पंजीकरण तथा परीक्षा आवेदन फार्म एक साथ ही भरने का अवसर प्राप्त है, जिसकी अंतिम तिथि–31.05.2024 निर्धारित हैं।
5. छात्र/छात्राऐं स्वयं अथवा जिला में अवस्थित BBOSE के अध्ययन केंद्रो पर जाकर अपना पंजीकरण ऑनलाईन माध्यम से BBOSE के वेबसाईट पर जा कर करा सकते हैं तथा परीक्षा आवेदन फॉर्म भर सकते हैं।
6. यह परीक्षा राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित की जाएगी। विद्यार्थी अपनी इच्छा अनुसार जिस जिला के अध्ययन केन्द्र का चयन करेंगे, उनकी परीक्षा उसी जिला में आयोजित की जाएगी।
7. इससे संबंधित विस्तृत जानकारी बीबोस (BBOSE) के एकमात्र वेबसाईट (www.bboseonline.bih.nic.in) पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं तथा अपना पंजीयन परीक्षा आवेदन भरने संबंधी शुल्क गेटवे से आनलाईन किया जाता है। यहाँ नामांकन/परीक्षा आवेदन संबंधी समस्त कार्य Online (अनलाईन) ही होते है।

8. हेल्पलाईन नंबर–0612–2385492 (विद्यार्थी सहायता सेवाऐं)
–0612–2385490 (परीक्षा एवं मूल्यांकन विभाग)

नोट :–

1. **BBOSE का बिहार राज्य सहित पूरे देश में एकमात्र कार्यालय चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, (CNLU) मीठापुर, पटना के परिसर में अवस्थित है और एकमात्र वेबसाइट (www.bboseonline.bih.nic.in) हैं। इसके अतिरिक्त इस बोर्ड (BBOSE) का न तो अन्य कोई वेबसाईट है और न ही फेसबुक या अन्य कोई सोशल मीडिया एकांउट हैं। तथा न ही नहीं कोई क्षेत्रीय कार्यालय अवस्थित हैं।**
2. **BBOSE द्वारा निबंधन/नामांकन/परीक्षा आवेदन भरने तथा शुल्क भुगतान भी पेमेंट गेटवे से ऑनलाईन किया जाता है। नई व्यवस्था के तहत कोई भी कार्य ऑफलाईन नहीं किया जाता हैं।**

16/05/2024
सचिव

बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण
एवं परीक्षा बोर्ड, पटना।